
पंजाब केसरी
FRI,25 JULY 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# अंकिता और पारूल ने राजनीति विज्ञान में नैट किया क्वालीफाई

गोहाना, 24 जुलाई (अरोड़ा): भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की 2 छात्राओं ने यू.जी.सी. नैट परीक्षा क्वालीफाई कर ली। गुरुवार को यह जानकारी देते हुए राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. रामपाल ने बताया कि विभाग की छात्रा अंकिता और पारूल ने प्रतिष्ठित यू.जी.सी. नैट (राजनीति विज्ञान) परीक्षा 2025 में सफलता प्राप्त कर विश्वविद्यालय और विभाग का नाम गौरवान्वित किया है।





अंकिता और पारूल। (अरोड़ा)

इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वी.सी. ने कहा कि उच्चतर शिक्षा के प्रति छात्राओं का रुझान बढ़ रहा है। अब छात्राएं शोध के क्षेत्र में भी बेहतर कर रही हैं। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपनी उपलब्धि के बारे में अपने विभाग को सूचित करना चाहिए। वी.सी. ने कहा कि सीनियर छात्राओं की उपलब्धि जूनियर छात्राओं के लिए प्रेरणा का काम करती है।

डॉ. रामपाल ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह राजनीति विज्ञान विभाग के लिए गर्व का विषय है। अंकिता और पारूल की इस सफलता से अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी उच्च शिक्षा तथा अनुसंधान में उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ेंगी। डॉ. रामपाल ने कहा कि यह सफलता विभाग की शैक्षणिक उत्कृष्टता और महिला सशक्तिकरण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# यूजीसी नेट परीक्षा को पास करने वाली बीपीएस विश्वविद्यालय की दोनों छात्राओं को कुलपति ने दी बधाई



छात्रा अंकिता माथुर, छात्रा पारुल।

गोहाना, 24 जुलाई (रामनिवास धीमान): खानपुर कला भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की दो छात्राओं ने यूजीसी नेट परीक्षा पास की है जिसको लेकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कुलपति ने कहा कि उच्चतर शिक्षा के प्रति छात्राओं का रुझान बढ़ रहा है। अब छात्राएं शोध के क्षेत्र में भी बेहतर कर रही है। कुलपति ने कहा कि सीनियर छात्राओं की उपलब्धि जूनियर छात्राओं के लिए प्रेरणा का काम करती है। जानकारी देते हुए राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ रामपाल ने बताया कि विभाग की छात्रा अंकिता माथुर और पारुल ने प्रतिष्ठित यूजीसी-नेट (राजनीति विज्ञान) परीक्षा 2025 में सफलता प्राप्त कर विश्वविद्यालय और विभाग का नाम गौरवान्वित किया है। अंकिता और पारुल की इस सफलता से अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी उच्च शिक्षा तथा अनुसंधान में उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ेंगी।

# महिला विवि की दो छात्राओं ने नेट परीक्षा की उतीर्ण



गोहाना। छात्रा अंकिता माथुर व पारुल।

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां के राजनीति विज्ञान विभाग की दो छात्राओं ने यूजीसी नेट परीक्षा पास कर ली। विभाग के अध्यक्ष डा. रामपाल ने बताया कि विभाग की छात्रा अंकिता माथुर और पारुल ने प्रतिष्ठित यूजीसी-नेट (राजनीति विज्ञान) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विवि और विभाग का नाम गौरवान्वित किया है।

# अंकिता व पारुल ने यूजीसी नेट पास की

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की दो छात्राओं ने यूजीसी नेट परीक्षा पास की। विभाग के अध्यक्ष डा. रामपाल ने बताया कि छात्रा अंकिता माथुर और पारुल ने परीक्षा पास करके विश्वविद्यालय और विभाग का नाम गौरवान्वित किया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कुलपति ने कहा कि उच्चतर



अंकिता माथुर



पारुल

शिक्षा के प्रति छात्राओं का रुझान बढ़ रहा है। अब छात्राएं शोध के क्षेत्र में भी बेहतर कर रही है। छात्राओं को अपनी उपलब्धि के बारे में अपने विभाग को सूचित करना चाहिए।

# बीपीएस महिला विश्वविद्यालय की दो छात्राओं ने पास की यूजीसी नेट परीक्षा

**जन जागरण संदेश**

**खानपुर कला/गोहाना,** (अनिल जिंदल ), 24 जुलाई। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की दो छात्राओं ने यूजीसी नेट परीक्षा पास कर ली है। जानकारी देते हुए राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ रामपाल ने बताया कि विभाग की छात्रा अंकिता माथुर और पारुल ने प्रतिष्ठित यूजीसी-नेट (राजनीति विज्ञान) परीक्षा 2025 में सफलता प्राप्त कर विश्वविद्यालय और विभाग का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कुलपति ने कहा कि उच्चतर शिक्षा के प्रति छात्राओं का रुझान बढ़ रहा है। अब छात्राएं शोध के क्षेत्र में भी बेहतर कर रही है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपनी उपलब्धि के बारे में अपने विभाग को सूचित करना चाहिए। कुलपति ने कहा कि सीनियर छात्राओं की उपलब्धि जूनियर छात्राओं के लिए प्रेरणा का काम करती है। डॉ रामपाल ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह राजनीरि विज्ञान विभाग के लिए गर्व का विषय है। अंकिता और पारुल की इस सफलता से अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी उच्च शिक्षा तथा अनुसंधान में उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ेंगी। डॉ रामपाल ने कहा कि यह सफलता विभाग की शैक्षणिक उत्कृष्टता और महिला सशक्तिकरण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



